आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 21.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पुलिस सुधार को लोकतांत्रिक शासन, जनविश्वास और देश के दीर्घकालिक विकास की बुनियाद बताया। पुलिस सुधारों को 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य से जोड़ने पर दिया जोर।
- 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के चौथे दिन भी राज्य के दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए गए।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने मोटापे की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए व्यापक दृ ष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।
- मौसम विभाग ने हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर जिलों के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में कहीं–कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई।

राज्यपाल वर्चुअल संबोधन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित लोक भवन से ग्लोबल काउंटर टेररिज्म काउंसिल द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। यह सम्मेलन पुलिस सुधारों से जुड़े ऐतिहासिक प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ निर्णय के 20 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सुधार केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक शासन, जनविश्वास और देश के दीर्घकालिक विकास की बुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस राज्य की सत्ता की सबसे प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति होने के साथ–साथ नागरिकों के सबसे निकट की संस्था है, इसलिए उससे संयम, निष्पक्षता और जवाबदेही की अपेक्षा और बढ़ जाती है।

राज्यपाल ने पुलिस सुधारों को 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य से जोड़ने पर जोर दिया और कहा कि महिला सुरक्षा, तकनीक, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्र सीधे तौर पर पुलिसिंग की गुणवत्ता से जुड़े हैं।

जन जन की सरकार, जन–जन के द्वार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर चल रहे 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के चौथे दिन भी राज्य के दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से हजारों ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सेवाओं का लाभ मिला।

अभियान के तहत चम्पावत, अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी, हरिद्वार और रुद्रप्रयाग जिले की विभिन्न न्याय पंचायतों में प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों की समस्याएं सुनीं और बड़ी संख्या में शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया। कई स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण, विभागीय सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सुविधाएं और राहत सहायता भी प्रदान की गई।

राज्य सरकार के अनुसार अभियान के अंतर्गत अब तक पंद्रह हजार से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं और चार हजार से ज्यादा जन शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। अभियान का उद्देश्य दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकार की योजनाओं और सेवाओं को सीधे पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

स्वास्थ्य सेवाएं

उत्तराखंड में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में वर्ष 2025 महत्वपूर्ण उपलब्धियों का वर्ष रहा। राज्य सरकार के प्रयासों से मेडिकल और नर्सिंग शिक्षा को सुदृढ़ करने, मानव संसाधन की कमी दूर करने और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ठोस प्रगति हुई है। एक रिपोर्ट–

वर्ष 2025 के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्थायी प्राचार्यों की नियुक्ति, संकाय सदस्यों और असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती से शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूती मिली। अस्पतालों में सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़ी संख्या में नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिससे मरीजों को अधिक सुव्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण देखभाल उपलब्ध हो सकी। नर्सिंग कॉलेजों में भी शिक्षकों की नियुक्ति और नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत से नर्सिंग शिक्षा का विस्तार हुआ है।

सरकार ने मेडिकल कॉलेजों के अधोसंरचना विकास पर भी विशेष ध्यान दिया। दून और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेजों में आधुनिक ऑडिटोरियम, आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर और अन्य सुविधाएं शुरू की गईं। इसके साथ ही देहरादून और हल्द्वानी में सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार किया गया और विशेषज्ञ डॉक्टरों को आकर्षित करने के लिए वेतनमान में वृद्धि की गई। पीजी सीटों की संख्या बढ़ाकर भविष्य के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कदम उठाए गए। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 और उसके बाद उत्तराखंड को आत्मनिर्भर स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर ले जाना है, ताकि राज्य के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा शिक्षा और उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही प्रदेश में उपलब्ध हो सकें।

स्वच्छता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को परिसरों में उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। थाना डालनवाला के औचक निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई व्यवस्था पर मुख्यमंत्री द्वारा नाराजगी व्यक्त किए जाने के बाद यह निर्देश जारी किये गये हैं। प्रत्येक रविवार पुलिसकर्मियों द्वारा रोटेशन के आधार पर थाने में एक घंटे का श्रमदान किए जाने को कहा गया है, ताकि थाना परिसर, बैरक और मैस की साफ–सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जा सके।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को अपने सर्किल के थानों में आकस्मिक निरीक्षण करने और अर्द्धवार्षिक निरीक्षण शीघ्र पूर्ण करने को भी कहा।

अपील

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने मोटापे से निपटने के लिए समेकित दृष्टिकोण की अपील की है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मोटापा घटाने या वजन कम करने की दवाओं का समझदारी से प्रयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में 63 प्रतिशत मौतें गैर–संचारी बिमारियों से होती हैं जो किसी न किसी तरीके से मोटापे से संबंधित है। श्री सिंह ने कहा कि मोटापे से निपटने के लिए गलत जानकारियां दी जा रही है और इसका व्यावसायीकरण बढ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे से निपटने के लिए खान–पान और दिनचर्या में छोटे तथा व्यवहारिक बदलाव बताए हैं।

मौसम

प्रदेश में सर्द मौसम का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर जिलों के साथ ही नैनीताल, चंपावत, पौड़ी और देहरादून के मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इससे वाहन चलाने में कठिनाई और यात्रा समय बढ़ सकता है। इन सभी ज़िलों में आज भी शीत दिवस की स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर अधिक महसूस किया जा सकता है।

वहीं, विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज और कल प्रदेश के सभी ज़िलों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है।

शीतलहर बचाव

उधर, हरिद्वार जिले में बढ़ती शीत लहर को देखते हुए गरीब, बेसहारा और असहाय लोगों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि फिलहाल शिवालिक नगर क्षेत्र में 20 से 25 स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं और शीत लहर के तेज होने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने नगर पालिका द्वारा बनाए गए रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि वहां आने वाले लोगों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए, साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए और हीटर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

रोबोटिक सर्जरी

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में पहली बार अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी प्रणाली के जरिए सर्जरी की शुरुआत की गई है। इस तकनीक के माध्यम से अब तक गुर्दे, हर्निया और गर्भाशय से जुड़ी चार जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं।

निजी क्षेत्र के एक अस्पताल समूह के संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ० परवेज अहमद ने आकाशवाणी को बताया कि यह रोबोटिक सर्जरी प्रणाली उच्च स्तरीय 3–डी एचडी विजन से लैस है और सर्जरी के दौरान पूरा नियंत्रण सर्जन के हाथ में रहता है।

उत्तराखंड महाकौथिक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल नोएडा में आयोजित 15वें उत्तराखंड महाकौथिक में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी नागरिक, कलाकार, युवा और महिलाएं मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और महाकौथिक को उत्तराखंड की लोक संस्कृति को पहचान दिलाने वाला महत्वपूर्ण मंच बताया।

श्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हुए भी प्रवासी उत्तराखंडी समाज द्वारा अपनी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर रखना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन प्रवासी उत्तराखंडियों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने के साथ–साथ लोक कला, लोक संगीत और पारंपरिक विरासत के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड महाकौथिक जैसे आयोजनों के माध्यम से 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को भी मजबूती मिल रही है और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान और जनसांख्यिकी की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

नए साल में पहली बार होगा उत्तराखंड ट्रैवल कॉन्क्लेव, अमर उजाला का शीर्षक है। खबर के मुताबिक कॉन्क्लेव में वेडिंग टूरिज्म और साहसिक पर्यटन पर होगा फोकस, पर्यटन विभाग ने की तैयारी।

रात्रि पाली में काम करने वाली महिलाओं के वाहन में जीपीएस और पैनिक बटन अनिवार्य– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागर खबर में लिखता है– उद्योगों को रात में काम करने वाली महिला कर्मचारियों की सुरक्षा का रखना होगा ख्याल, नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई।

उत्तराखंड भाजपा शुरू करेगी मेरी गणना मेरा गांव अभियान– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के हवाले से खबर में लिखता है– प्रदेश ही नहीं विदेश में रहने वाले प्रवासियों से भी किया जाएगा गांवों में गणना सुनिश्चित करने का अनुरोध।

देहरादून के थाने और चौकियों में रविवार को श्रमदान करेगी पुलिस। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार कोतवाली मे गंदगी मिलने पर सीएम धामी ने जताई थी नाराजगी, अब एसएसपी अजय सिंह ने दिए सख्त निर्देश।

और मौसम की खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– कोहरे की कैद में उत्तराखंड, कई जिलों में शीत दिवस जैसे हालात, कई फ्लाइटें हुई रद्द, दून में प्रदूषण ने घना कर दिया कोहरा, 340 पहुंचा एक्यूआई।